**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
**Sahitya Akademi**
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

**साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार 2024 अर्पण समारोह 14 नवंबर को**
**24 भारतीय भाषाओं के बाल साहित्यकार होंगे पुरस्कृत**
**15 नवंबर को पुरस्कृत लेखक साझा करेंगे अपने रचनात्मक अनुभव**

नई दिल्ली, 11 नवंबर 2024। साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार 2024 अर्पण समारोह इस बार लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। बृहस्पतिवार (14 नवंबर 2024) को सायं 5.00 बजे भागीदारी भवन प्रेक्षागृह, छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, गोमती नगर, में आयोजित हो रहे इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि लखनऊ के ही लब्धप्रतिष्ठ विद्वान एवं साहित्यकार सूर्य प्रसाद दीक्षित होंगे। यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव ने कहा कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक करेंगे और उन्हीं के करकमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा समापन वक्तव्य और साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव स्वागत वक्तव्य देंगे। पुरस्कृत बाल साहित्यकारों को उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50,000/– रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

बाल साहित्य पुरस्कार 2024 प्राप्त करने वाले लेखक हैं – रंजु हाजरिका (असमिया), दीपान्विता राय (बाङ्ला), भार्जिन जेक'भा मोसाहारी (बोडो), बिशन सिंह 'दर्दी' (डोगरी), नंदिनी सेनगुप्ता (अंग्रेज़ी), गिरा पिनाकिन भट्ट (गुजराती), देवेंद्र कुमार (हिंदी), कृष्णमूर्ति बिळिगेरे (कन्नड), मुज़फ़्फ़र हुसैन दिलबर (कश्मीरी) हर्षा सद्गुरू शेटये (कोंकणी), नारायणजी (मैथिली), उन्नी अम्मायंबळम् (मलयाळम्), क्षेत्रिमयुम सुवदनी (मणिपुरी), भारत सासणे (मराठी), वसंत थापा (नेपाली), मानस रंजन सामल (ओड़िआ), कुलदीप सिंह दीप (पंजाबी), प्रहलाद सिंह 'झोरड़ा' (राजस्थानी), हर्षदेव माधव (संस्कृत), दुगाई टुडु (संताली), लाल होतचंदानी 'लाचार' (सिंधी), युमा वासुकि (तमिळ), पामिदिमुक्कला चंद्रशेखर आज़ाद (तेलुगु) और शम्सुल इस्लाम फ़ारूक़ी (उर्दू)।

15 नवंबर 2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ 'लेखक सम्मिलन' का आयोजन निराला सभागार, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, में होगा। इसमें पुरस्कार विजेता अपने स्वीकृति वक्तव्य तथा रचनात्मक लेखन के अनुभवों को साझा करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा करेंगी। इसके बाद अपराह्न 2:30 बजे से 'बाल लेखन : अतीत, वर्तमान और भविष्य' विषयक बाल साहिती कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्यकार अपने विचार व्यक्त करेंगे।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in